- विभिन्न स्थानों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए 882 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 11,259 ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट्स के निर्माण की मंजूरी।
- गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अन्य वर्ग के लिए बनने वाले फ्लैट्स के निर्माण कार्य पर 483.16 करोड़ रुपये खर्च।
- 'ट्रांजिट ऑरिएंटिड' नीति घोषित, जिसमें जनसंख्या की सघनता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मैट्रो मार्गों के साथ-साथ उन्नत बुनियादी ढांचा विकसित करने का प्रावधान है।
- हरियाणा बिल्डिंग कोड 2016, पहली जुलाई, 2016 से लागू।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.hbh.nic.in
2. दूरभाषः– 0172–2568006

मिशन सभी के लिए घर–2022

प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शहरी गरीबों के आवासीय ऋणों पर ब्याज दरों में 6.5 प्रतिशत रियायत

'दीनदयाल जन आवास योजना'

निम्न तथा मध्यम क्षमता वाले शहरों में सस्ती प्लॉटिड आवासीय कालोनी की स्थापना

14,786 फ्लैट्स का निर्माण कार्य पूर्ण

जिनमें 14,420 फ्लैट्स

बी.पी.एल. परिवारों के लिए

अंत्योदय दर्शन:गरीबों का कल्याण

- 'लाडली पेंशन' योजना के तहत 45 वर्ष या इससे अधिक आयु के माता/पिता, जिनकी सन्तान केवल लड़की/लड़कियां हैं और वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक न हो, को 1600 रुपये मासिक भत्ता सुविधा।
- हरियाणा ऐसा पहला प्रमुख राज्य बन गया है, जहां प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से शत-प्रतिशत पेंशन लाभार्थियों के खाते में भेजी जा रही है।
- निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता योजना के अन्तर्गत बच्चे के माता-पिता/संरक्षक, जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक न हो, को बच्चे की 21 वर्ष आयु पूर्ण होने तक 700 रुपये की वित्तीय सहायता।
- 18 वर्ष तक के स्कूल न जा सकने वाले निःशक्त बच्चों की वित्तीय सहायता 700 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमास की।
- 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' के तहत लगभग 57 लाख बैंक खाते खोले गये।
- 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' के तहत 25 लाख से अधिक लोग पंजीकृत।
- 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' के तहत 7,95,662 लोग पंजीकृत।
- वृद्धावस्था में आय सुनिश्चित करने व असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए 'अटल पेंशन योजना' के तहत 1000 रुपये से 5000 रुपये तक प्रतिमाह पेंशन सुनिश्चित।

◆◆◆

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.scbchry.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2721874

वृद्धावस्था सम्मान भत्ता,
विधवा एवं बेसहारा महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन,
बौना भत्ता, किन्नर भत्ता की राशि
पहली नवम्बर, 2016 से
बढ़ाकर 1600 रुपये मासिक
जिसमें प्रतिवर्ष 200 रुपये की बढ़ोतरी

हरियाणा पहली अप्रैल, 2017 से
कैरोसिन मुक्त

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'
लगभग 3 लाख गरीब परिवारों को
गैस कनैक्शन दिये

बेटियों के संरक्षण एवं सशक्तिकरण के अनूठे प्रयास

- 'आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना' के तहत अनुसूचित जाति तथा गरीब परिवारों को पहली बेटी के जन्म पर 21,000 रुपये, सभी परिवारों को दूसरी बेटी के जन्म पर 21,000 रुपये तथा अब परिवार में जन्मी तीसरी बेटी को भी दूसरी बेटी की तर्ज पर मिलेगा लाभ।
- हर जिला मुख्यालय पर महिला पुलिस थाना व उप-मण्डल स्तर पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित।
- महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाईफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, विशिष्ट उपलब्धियों पर खेल पुरस्कार, सरकारी व सामाजिक सेवा पुरस्कार आदि दिये जाते हैं।
- सरकार का लक्ष्य International Health Expert के मानदण्डों के अनुसार लिंगानुपात 950 तक करने का है।
- ''सुकन्या समृद्धि खाता योजना'' के अन्तर्गत बालिका के जन्म से 10 वर्ष की आयु तक खाता खोला जा सकता है।
- हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए करनाल, रेवाड़ी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, भिवानी, हिसार व नारनौल में 'वन स्टॉप' सैंटर सखी स्थापित।
- छात्राओं की स्नातक स्तर तक राजकीय महाविद्यालयों तथा सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में ट्यूशन फीस माफ।
- छात्राओं के लिए 123 मार्गों पर बस सेवा आरम्भ।
- गांव हसनपुर, जिला सोनीपत में 'नन्दघर' नाम से देश का पहला अत्याधुनिक आंगनवाड़ी केन्द्र शुरू।

और जानकारी के लिए देखें

1. www.wcdhry.gov.in
2. दूरभाषः— 0172—2560349

जिला मुख्यालय पर महिला पुलिस थानों की सूची

जिला	इन्चार्ज का नाम	सम्पर्क हेतु दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर	
पंचकूला	सुश्री मंजीत	8146630022	(0172)-2021091
अम्बाला	सुश्री रजनी	9729990165	(0171)-2551091
कुरुक्षेत्र	सुश्री प्रवीन	7056700135	(01744)-221091
करनाल	सुश्री पवन	8572881091, 8295322680	(0184)-2251091
पानीपत	सुश्री कविता	7056731091	(0180)-2691091
सोनीपत	सुश्री कविता	8053882349	(0130)-2241091
सोनीपत (खानपुर कलां)	सुश्री कमलेश	8059882350	(01263)-283100
रोहतक	सुश्री गरिमा देवी	8199001091, 8222055455	(01262)-271091
झज्जर	सुश्री सुदेश	8930111091	(01251)252061
रेवाड़ी	सुश्री सरोज बाला	7056666133	(01274)-251722
गुरुग्राम	सुश्री कैलाश	9212283922	(0124)2218057
फरीदाबाद	सुश्री सुशीला	9582200061, 9891279220	(0129)-2261092
यमुनानगर	सुश्री कुलबीर कौर	8818001307, 9416202825	(01732)-251002
नूंह	सुश्री राज कलां	8397991091, 8683996541	7027881091
पलवल	सुश्री कमला देवी	8930511091	(01275)-241091
नारनौल	सुश्री नीलम	7056601091	(01282)-251091
भिवानी	सुश्री लक्ष्मी देवी	8814011409, 9729346600	(01664)-251091
सिरसा	सुश्री सीमा सोढी	8813801091	(01666) 231091
फतेहाबाद	सुश्री बिमला	8814011721	(01667)-230140
हिसार	सुश्री सुनीता	8814031091, 7357270290	(01662)-271091
जींद	सुश्री संतोष देवी	8813991091	8814011537
कैथल	सुश्री निर्मला	9053052118	9053052218

सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय:

- सभी वर्ग की विधवाओं, तलाकशुदा, निराश्रित महिलाओं तथा अनाथ, बेसहारा बच्चों, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम हो, की शादी के लिए 41,000 रुपये की शगुन राशि।
- सामान्य एवं पिछड़े वर्ग से सम्बन्धित गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को उनकी लड़की की शादी के लिये 11,000 रुपये की शगुन राशि।
- समाज के सभी वर्ग के लोगों जिनके पास ढ़ाई एकड़ कृषि भूमि या एक लाख रुपये से कम वार्षिक आय है, की लड़की की शादी के लिये 11,000 रुपये शगुन राशि।
- किसी भी जाति एवं आय वर्ग से सम्बन्धित महिला खिलाड़ी को उसकी स्वयं की शादी के लिये 31,000 रुपये की शगुन राशि।
- 'मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अन्तर्जातीय विवाह शगुन योजना' के तहत हरियाणा राज्य के स्थायी निवासी अनुसूचित जाति के लड़का या लड़की से विवाह करने पर प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 1,01,000 रुपये की।
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अन्तर्गत मैट्रिकोत्तर कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों को प्रतिमास 230 रुपये से 1200 रुपये तक छात्रवृत्ति के साथ-साथ सभी नॉन रिफण्डेबल फीसों की प्रतिपूर्ति की जाती है।
- अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए अदालती मुकद्दमों की पैरवी हेतु कानूनी सहायता उपलब्ध।
- जातीय आधार पर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर होने वाले अत्याचारों जैसे भूमि का अनाधिकृत कब्जा, कत्ल, डकैती, बलात्कार, आगजनी तथा नरसंहार से पीड़ितों को अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 के अन्तर्गत 85000 रुपये से 8.25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.socialjusticehry.gov.in
2. दूरभाष:– 0172–2704212

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

सभी वर्गों की बी.पी.एल. विधवाओं को
उनकी लड़कियों की शादी के लिए 51,000 रुपये
अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति व
टपरीवास जाति के बी.पी.एल. परिवारों की
लड़कियों की शादी के लिए 41,000 रुपये

डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना

अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के छात्रों को
मैट्रिकोत्तर स्तर तक कक्षावार
8000 रुपये से 12,000 रुपये तक छात्रवृत्ति
पिछड़े वर्ग के 10वीं कक्षा के छात्रों को प्रतिशतता के आधार पर प्रोत्साहन राशि

अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की विधवाओं, निराश्रित महिलाओं/लड़कियों को स्वरोजगार हेतु सिलाई का एक वर्षीय प्रशिक्षण

कच्चा सामान खरीदने के लिए 300 रुपये एवं 600 रुपये का
मासिक भत्ता तथा एक सिलाई मशीन की भी सुविधा

- अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के उन उम्मीदवारों को विभिन्न उच्च एवं प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु मुफ्त प्रशिक्षण।
- 'कौशल विकास योजना' के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्गों के उन बेरोज़गार युवकों को हारट्रोन के जरिये टंकण तथा डाटा एन्ट्री में मुफ्त प्रशिक्षण। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 250 रुपये मासिक वजीफा दिया जाता है।
- गाडी एवं लोहार जाति को टपरीवास जाति की सूची में शामिल कर उन्हें विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।
- सफाई तथा जान जोखिम मे लगे लोगों के बच्चों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत पहली से 10वीं कक्षा तक के डे-स्कोलर छात्रों के लिए 110 रुपये प्रतिमास छात्रवृत्ति और 750 रुपये तदर्थ वार्षिक अनुदान दिया जाता है।

अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु सराहनीय कार्य करने वाली पंचायतों को **50,000 रुपये** की प्रोत्साहन राशि

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पिछड़े वर्ग के छात्रों को 160 रुपये से 750 रुपये तक मासिक छात्रवृत्ति

हरियाणा विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड गठित

खेलों में दम दिखाया, हरियाणा का नाम चमकाया

- रियो ओलम्पिक-2016 में कुश्ती में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी साक्षी मलिक को 2.50 करोड़ रुपये तथा रियो पैरा ओलम्पिक-2016 में शॉटपुट में रजत पदक विजेता दीपा मलिक को 4 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया।
- रियो ओलंपिक-2016 में कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक को राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, कुश्ती खिलाड़ी कुमारी विनेश फौगाट, अमित कुमार तथा विरेन्द्र सिंह को अर्जुन पुरस्कार तथा महावीर सिंह को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया।
- 'पण्डित दीनदयाल उपाध्याय आल इंडिया नेशनल स्टाईल कबड्डी टूर्नामेंट' में प्रथम विजेता टीम को एक करोड़ रुपये, द्वितीय विजेता टीम को 50 लाख रुपये तथा तृतीय विजेता टीम को 25 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।
- प्रदेश में 371 गोल्डन जुबली खेल नर्सरियां स्थापित।
- पांच-पांच करोड़ रुपये की लागत से प्रत्येक जिले में एक-एक खेल का स्वर्ण जयंती 'सैंटर आफ एक्सीलैंस' बनाने की प्रक्रिया शुरू।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.haryanasports.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2583082

भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर
'भारत केसरी दंगल' के
प्रथम विजेता को एक करोड़ रुपये
दूसरे विजेता को 50 लाख रुपये
तीसरे विजेता को 25 लाख रुपये

पुरस्कार राशि में अभूतपूर्व बढ़ोतरी				
खेल प्रतियोगिताएं	स्वर्ण पदक विजेता को	रजत पदक विजेता को	कांस्य पदक विजेता को	प्रत्येक प्रतिभागी खिलाड़ी को
ओलम्पिक में	6 करोड़	4 करोड़	2.50 करोड़	15 लाख
एशियन में	3 करोड़	1.50 करोड़	75 लाख	7.50 लाख
कॉमनवेल्थ गेम्स में	1.50 करोड़	75 लाख	50 लाख	7.50 लाख
राष्ट्रीय खेलों में	5 लाख	3 लाख	2 लाख	–
राष्ट्रीय प्रतियोगिता में	3 लाख	2 लाख	एक लाख	–
राज्य स्तरीय अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता	5,100	3,100	2,100	–
राज्य स्तरीय कुमार दंगल प्रतियोगिता	51,000	31,000	21,000	–

और जल्द ही प्रत्येक जिले में खुलेंगे
स्वर्ण जयंती खेल सुविधा केन्द्र

पर्यटन क्षेत्र में उभरता हरियाणा

- 'स्वदेश दर्शन योजना' के अन्तर्गत कुरुक्षेत्र शहर के पांच प्रमुख स्थानों में सन्निहित सरोवर, अमीन कुंड, नरकातारी, ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर और कुरुक्षेत्र शामिल किये गये, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा 97 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि स्वीकृत।
- 'स्वर्ण जयन्ती सिन्धु दर्शन योजना' के तहत 10,000 रुपये प्रति तीर्थ यात्री अधिकतम 50 यात्रियों तक तथा 'मानसरोवर यात्रा योजना' के तहत 50,000 रुपये प्रति तीर्थ यात्री अधिकतम 50 यात्रियों को वार्षिक वित्तीय सहायता दी जाती है।

समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

- गांव राखीगढ़ी (हिसार) में एक स्थल संग्रहालय और व्याख्यान केन्द्र की स्थापना की जा रही है।
- पंचकूला में राज्य स्तरीय संग्रहालय की स्थापना की जा रही है।
- सरस्वती नदी के अनुसंधान एवं पुनरोद्धार के लिए सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड का गठन।
- अन्तर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से यमुनानगर के गांव मुगलवाली में सरस्वती नदी की खुदाई का कार्य शुरू।
- केन्द्र सरकार की "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" योजना के तहत अन्तर्राज्यीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए तेलंगाना राज्य के साथ एक समझौता।
- गीता जयन्ती उत्सव कुरुक्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तथा इसके साथ-साथ पहली बार राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया गया।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.haryanatourism.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2704886

'स्वर्ण जयन्ती गुरुदर्शन यात्रा'

राज्य के 50 तीर्थ यात्रियों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये या वास्तविक खर्चे का 50 प्रतिशत प्रति व्यक्ति वित्तीय सहायता

सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार का भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद, नई दिल्ली के साथ एक समझौता

और जल्द ही नारनौल-महेन्द्रगढ़-माधवगढ़-रेवाड़ी विकसित होगा ग्रामीण पर्यटन सर्किट के रूप में

देश के रक्षकों का सम्मान

- आई.ई.डी. बलास्ट के दौरान शहीद होने पर अनुग्रह राशि 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये तथा इसे पुनः बढ़ाकर 50 लाख रुपये की।
- युद्ध/आतंकवाद तथा अन्य घटना के दौरान घायल हुए अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के लिए अनुग्रह अनुदान निःशक्तता के आधार पर 15 लाख रुपये, 25 लाख रुपये तथा 35 लाख रुपये दी जाती है।
- हरियाणा से सेना में कमीशन पाने वाले अधिकारियों को उनके कुशल प्रशिक्षण के उपरांत एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।
- सेना मेडल डिसटिंगविस्ड सर्विस/डिवोशन टू ड्यूटी के अवार्डी, जो कि फोर्सिज के हों और जिन्हें यह अवार्ड 31 मार्च, 2008 व 19 फरवरी, 2014 से पहले प्राप्त हुआ हो, को 34,000 रुपये नकद व 3,500 रुपये एन्यूटी दी जाती है तथा जिन्हें यह अवार्ड 19 फरवरी, 2014 के बाद मिला है, उन्हें 1.75 लाख रुपये की एकमुश्त नकद राशि दी जाती है।
- द्वितीय विश्व युद्ध के भूतपूर्व सैनिकों तथा विधवाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता 4500 रुपये मासिक की।
- राष्ट्रीय मिलिट्री कॉलेज, देहरादून में पढ़ रहे हरियाणा के छात्रों को दी जाने वाली वार्षिक छात्रवृत्ति की राशि पहली अप्रैल, 2017 से 35 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष प्रति छात्र की।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. दूरभाषः– 0172–2560321

युद्ध के दौरान शहीद हुए सेना एवं अर्द्धसैनिक बल के जवानों की अनुग्रह राशि
20 लाख रुपये से
बढ़ाकर 50 लाख रुपये

युद्ध/आतंकवाद तथा अन्य घटना के दौरान घायल सैनिकों को अनुग्रह अनुदान राशि
निःशक्तता के आधार पर
5 लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 15 लाख रुपये

दिव्यांग, नेत्रहीन, पैराप्लेजिक, टैटराप्लेजिक और हैमियाप्लेजिक भूतपूर्व सैनिकों की आर्थिक सहायता
पहली नवम्बर, 2016 से
3000 रुपये मासिक
जिसमें प्रतिवर्ष पहली नवम्बर से 400 रुपये की वृद्धि

और जल्द ही मातनहेल (झज्जर) में खुलेगा सैनिक स्कूल

रोजगार के नये आयाम

- बेरोजगार युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पायलट परियोजना के रूप में हिसार में एक राष्ट्रीय कैरियर सेवा केन्द्र की स्थापना।
- बैंकों के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता त्रैमासिक आधार पर।
- बेरोजगारी भत्ता योजना की राशि में पहली नवम्बर, 2016 से 12वीं या इसके समकक्ष स्नातक और इसके समकक्ष व स्नातकोत्तर बेरोजगारों की राशि को क्रमशः 900, 1500 तथा 3000 रुपये मासिक किया।
- "सक्षम युवा योजना" का लाभ उठाने के लिए वैबसाईट www.hreyahs.gov.in पर पंजीकरण किया जा रहा है।
- पहली अप्रैल, 2017 से "सक्षम युवा योजना" में विज्ञान तथा गणित स्नातक प्रार्थियों को शामिल किया।
- यह केन्द्र naukri.com तथा monster.com जैसे निजी क्षेत्रों के सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) सघन मॉडल पर आधारित है।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.hssc.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2586501

सक्षम युवा योजना

स्नातकोत्तर बेरोजगारों को
3000 रुपये प्रतिमाह भत्ता
100 घंटे कार्य करने पर 6000 रुपये प्रतिमाह मानदेय

24,826 युवा बेरोजगारों को
63.76 करोड़ रुपये की राशि
भत्ते के रूप में वितरित

1708 प्रार्थियों का
सरकारी एवं गैर सरकारी
संस्थाओं में समायोजन

श्रमिकों का कल्याण एवं सम्मान

- वेतन मजदूरी संदाय (हरियाणा संशोधन) 2016 पारित, इनमें वेतन अदायगी अधिनियम में संशोधन द्वारा बैंकों के माध्यम से वेतन का भुगतान करने का प्रावधान।
- भवन एवं सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में अपंजीकृत मजदूर की कार्यस्थल पर दुर्घटना में मृत्यु होने पर दी जाने वाली एक लाख रुपये तक की सहायता राशि को बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये किया।
- अब बिना सरकार की अनुमति के 'ले ऑफ छंटनी' और बंद करने के लिए 100 श्रमिकों के अदारों की सीमा बढ़ाकर 300 श्रमिक तक होगी।
- महिला श्रमिकों को रात्रि पाली में कार्य पर लगाने की छूट।
- श्रमिकों की पत्नियों को दी जाने वाली प्रसूति सहायता को दो बच्चों से बढ़ाकर तीन लड़कियों तक, छात्रवृत्ति योजना का लाभ तीन बच्चों से बढ़ाकर तीन लड़कियों व दो लड़कों तक तथा कन्यादान योजना का लाभ दो लड़कियों से बढ़ाकर तीन लड़कियों की शादी तक किया।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.hrylabour.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2701373

मासिक एवं दैनिक वेतन में 2.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी

श्रमिक वर्ग	रुपये (प्रतिमाह)
अकुशल श्रमिक	8280.20
अर्द्धकुशल 'ए'	8694.20
अर्द्धकुशल 'बी'	9128.91
कुशल श्रमिक 'ए'	9585.35
कुशल श्रमिक 'बी'	10064.62
उच्च कुशल श्रमिक	10567.85

भवन एवं सन्निर्माण श्रमिकों की निःशक्तता मासिक पेंशन 300 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये

और जल्द ही पंजीकृत मजदूरों को पहचान पत्र के स्थान पर मिलेंगे स्मार्ट कार्ड

सुदृढ़ पुलिस बल एवं कानून व्यवस्था

- सिटीजन पोर्टल 'हरसमय' 24x7 पर उपलब्ध सभी 14 सुविधाओं का लाभ नागरिक इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर से, साईबर कैफे से या राज्य भर में फैले लगभग 4000 CSCs या 134 ई-दिशा केन्द्रों से ले सकते हैं।
- बलात्कार के मामलों की जांच एक महीने में पूरी करने व छेड़छाड़ तथा यौन उत्पीड़न के मामलों में 15 दिन के अन्दर जांच पूरी करने के आदेश जारी।
- सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग की सड़क सुरक्षा निधि स्वीकृत।
- एन.आर.आई. की शिकायतों के निपटान हेतु एन.आर.आई. सैल हरियाणा पुलिस विभाग की वैबसाईट पर लांच किया।
- पहली बार सभी पुलिसकर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश शुरू।
- असामाजिक तत्वों के साथ मुठभेड़ में शहीद व गंभीर रूप से घायल होने पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रहपूर्वक अनुदान राशि को क्रमशः 10 लाख व 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख व 15 लाख रुपये करने की घोषणा।
- पुलिस बल में महिला पुलिसकर्मियों की वर्तमान संख्या 6 प्रतिशत से 10 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.haryanapoliceonline.gov.in
2. दूरभाषः— 0172—2587529

सिटीजन पोर्टल 'हरसमय' 24x7 शुरु
लोग घर से ही शिकायत या
एफ.आई.आर. दर्ज करवा सकते हैं

जीरो एफ.आई.आर.
प्रदेश के किसी भी थाने में
एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जा सकती है,
चाहे घटना कहीं भी घटित हुई हो

पुलिस विभाग द्वारा
14 पुलिस पब्लिक स्कूल
चलाये जा रहे हैं

भ्रष्टाचार पर लगा अंकुश, हर नागरिक हुआ खुश

- भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टोलरैंस' की नीति पर अटल सरकार ने राजस्व की चोरी रोकने के लिए विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध 391 आपराधिक मुकद्दमे दर्ज।
- राज्य सतर्कता ब्यूरो ने जन साधारण को शिकायतें भेजने के लिए Whatsapp Number 9417891064 उपलब्ध करवाया।
- राज्य चौकसी ब्यूरो द्वारा 281 नई जाचें दर्ज, जिनमें से पंचकूला कौशल्या बांध घोटाला, पंचकूला शामलात जमीन घोटाला, पंचकूला औद्योगिक प्लाट आवंटन घोटाला, पिल्लर बॉक्स घोटाला, पांच सितारा पुल मैन होटल को रास्ता देने का घोटाला, एच.सी.एस. की नियुक्ति में अनियमितताएं, अम्बाला का मनरेगा घोटाला व एन. आई.टी. फरीदाबाद में 8012 वर्ग गज सरकारी जमीन घोटालों की जांचें शामिल हैं।
- सभी विभागों में मुख्य सतर्कता अधिकारी नियुक्त।
- सरकार का उद्देश्य 'शासन कम से कम-सुशासन अधिकतम' के सिद्धान्त के मद्देनज़र मानव हस्तक्षेप को कम करके, बड़े पैमाने पर सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके प्रत्येक स्तर पर भ्रष्टाचार को समाप्त करना है।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.haryanavigilance.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2970218

भ्रष्ट कर्मचारियों की शिकायत दर्ज करवाने के लिए

टोल फ्री चौकसी
हेल्पलाइन नम्बर 1064
टोल फ्री नम्बर 1800-180-2022

जिला एवं उप-मण्डल स्तर पर सी.एम. विंडो स्थापित,

अब तक 3,18,928 प्राप्त शिकायतों, मांगों और सुझावों में से
2,63,369 का समाधान

अर्थव्यवस्था में सुदृढ़ता व पारदर्शिता

- 'स्वर्ण जयन्ती वित्त नीति संस्थान' नामक एक राज्य स्तरीय शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने हेतु वर्ष 2016-17 में 5 करोड़ रुपये तथा 2017-18 में 15 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- वर्ष 2016-17 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में स्थिर (2011-12) मूल्यों पर 8.7 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित।

कर्मठता के प्रतीक कर्मचारी

- पहली जनवरी, 2017 से अनुबंध कर्मचारियों के वेतन में 14.29 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय।
- पारिवारिक पेंशन में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी।
- सभी सफाई कर्मचारियों के लिए हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग बनाने की घोषणा।
- सभी नौकरियों में अनुसूचित जाति वर्ग का बैकलॉग पूरा करने की घोषणा।
- दिल्ली स्थित प्रदेश कार्यालयों में नियुक्त कर्मचारियों का मकान भत्ता 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया।
- सेवा अवधि के दौरान एडहॉक, अनुबंध व डी.सी. रेट पर लगे कर्मचारियों की मृत्यु हो जाने पर उनके परिवार को तीन लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि देने का प्रावधान।
- एक्सग्रेसिया पॉलिसी का लाभ अब प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले गैस्ट टीचर्स को भी मिलेगा।
- प्रदेश में कार्यरत डॉक्टरों की सेवानिवृति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का निर्णय।
- "पुलिस भर्ती में पारदर्शिता" (टी.आर.पी.) पद्धति लागू की गई।

☞ और जानकारी के लिए देखें

1. www.csharyana.gov.in
2. दूरभाषः– 0172–2740118

यू.पी.आई., यू.एस.एस.डी. और ई-वॉलेट में से किसी एक में पंजीकृत नागरिकों को कम से कम एक लेन-देन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने पर 5 रुपये की प्रोत्साहन राशि उनके खाते में जमा करवाई जाती है

'भीम' ऐप के माध्यम से कैशलैस लेन-देन

सातवां वेतन आयोग लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य

महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव के लिए अर्जित अवकाश की शर्तों में छूट

CM WINDOW

म्हारा हरियाणा-सम्मानित हरियाणा

विभिन्न क्षेत्रों में मिले राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

1. बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए "Best Horticulture State Award".
2. चावल उत्पादकता के लिए 'कृषि कर्मण' पुरस्कार।
3. ई-शासन प्रणाली के बेहतर इस्तेमाल के लिए 'स्कॉच स्मार्ट गवर्नेंस' अवार्ड-2015 से सम्मानित।
4. वर्ष 2015 में 'एक्सिलेंस ऑफ सी.एस.आई. नीहिलेंट' अवार्ड।
5. 28 दिसंबर, 2015 को 'डिजिटल इंडिया' अवार्ड।
6. ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए 5 नवम्बर, 2016 को 'बेस्ट इम्प्रूवड स्टेट इन ई-गवर्नेंस' अवार्ड।
7. लिंगानुपात सुधार के लिए 'नारी शक्ति पुरस्कार 2015 (कानगी देवी) अवार्ड।
8. शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए प्रथम पुरस्कार।
9. छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित।
10. पिराई सीजन 2015-16 के लिए शाहबाद सहकारी चीनी मिल को तकनीकी दक्षता में प्रथम पुरस्कार।
11. पिराई सीजन 2015-16 के लिए करनाल सहकारी चीनी मिल को गन्ना विकास में द्वितीय पुरस्कार।
12. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 5 अवार्ड।

हरियाणा देश में अग्रणीय राज्य

1. गन्ने का भाव 320 रुपये प्रति क्विंटल तक, देश में सर्वाधिक।
2. देश का पहला राज्य, जहां देसी गाय का पास्चुरीकृत 'ए-2' दूध वीटा बूथों पर उपलब्ध।
3. पहला प्रमुख राज्य, जहां प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से शत-प्रतिशत पेंशन लाभार्थियों के खाते में।
4. वर्ष 2016-17 में चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय 1,80,174 रुपये रहने का अनुमान है, जो कि देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है।
5. ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि देश में सर्वाधिक।
6. बेरोजगार युवाओं के लिए देशभर में अपनी तरह की पहली अनूठी सक्षम युवा स्कीम शुरू।
7. देश का पहला डिज़िटल जांच, प्रशिक्षण एवं विशलेषण केंद्र गुरुग्राम में स्थापित।

8. सातवें वेतन आयोग को लागू करने वाला देश का पहला राज्य।

9. देश का पहला अत्याधुनिक आंगनवाड़ी केन्द्र 'नन्दघर' गांव हसनपुर जिला सोनीपत में।

10. देश की पहली सी.एन.जी. आधारित डी.ई.एम.यू. रेल सेवा रेवाड़ी से रोहतक के बीच शुरू।

11. अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबन्धन (ISA) का वैश्विक सचिवालय गुरुग्राम में।

12. केंद्रीय पूल में खाद्यान्न का योगदान देने वाला देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य।

13. प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 878 ग्राम दूध उपलब्धता के साथ देश में दूसरे स्थान पर।

14. उत्तर भारत का पहला राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान (एन.आई.डी.), कुरुक्षेत्र में स्थापित।

15. पहली बार व्यापारियों के लिए ई-रिफंड की ऑनलाईन सुविधा।

16. पहली बार मूंग की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर।

17. पहली एन.सी.सी. अकादमी घरोंडा, जिला करनाल में खोलने की मंजूरी।

18. Ease of Doing Business में हरियाणा 14वें स्थान से पहुंचा छठे स्थान पर।

19. ''नीति आयोग'' की रिपोर्ट के अनुसार कृषि बाजार और किसानों के अनुकूल सुधार करने के मामले में हरियाणा पांचवें स्थान पर।

20. ऐसा राज्य जहां होटल प्रबन्धन से संबंधित पांच संस्थान कार्यरत हैं।

21. प्रदेश में पहली बार सभी पुलिसकर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश शुरू।

प्रदेश को मिले कई अवार्ड एवं पुरस्कार

बनी 'डिजिटल हरियाणा' की अनूठी मिसाल

- वर्ष-2016 में भूमि के ई-पंजीकरण के क्षेत्र में ''स्कॉच आर्डर आफ मैरिट अवार्ड''।
- ई-शासन में जी.आई.एस.टैक्नोलोजी के अनूठे उपयोग के लिए जिला प्रशासन गुरुग्राम की जी-त्रिकोणीय परियोजना के लिए जनवरी-2017 में ''नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड-गोल्ड आर्डर''।
- नवजात शिशुओं के जन्म के समय ही आधार पंजीकरण के लिए ''स्कॉच आर्डर आफ मैरिट अवार्ड'' तथा ''फर्स्ट स्टेट आफ इंडिया अवार्ड''।
- ई-टूरिज़्म पर्यटन सुविधाओं की ऑनलाईन बुकिंग तथा समेकित वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के लिए ''स्कॉच आर्डर आफ मैरिट अवार्ड''।
- सी.एम. विंडो के माध्यम से जन शिकायतों के निवारण के लिए ''स्कॉच आर्डर आफ मैरिट अवार्ड'' तथा ''स्कॉच स्मार्ट गवर्नेंस अवार्ड''।
- हरियाणा की ई-शासन पहल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। राज्य श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित अवार्ड 'एक्सिलेंस ऑफ सी.एस.आई. नीहिलेंट' अवार्ड।
- डीलर्स प्रबन्धन के लिए ई-एप्लीकेशन, रिटर्नस की ई-फाईलिंग, सी-फार्म इत्यादि के लिए ''स्कॉच स्मार्ट गवर्नेंस गोल्ड अवार्ड'' व ''स्कॉच आर्डर आफ मैरिट अवार्ड''।
- हरियाणा को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए ''श्रेष्ठ उन्नत राज्य के लिए ई-गवर्नेंस अवार्ड''।
- कैशलैस लेन-देन की पहल करने के लिए ''डिजिटल इंडिया अवार्ड''।
- ई-स्टैम्पिंग के साथ ई-ग्रास का एकीकरण के लिए ''सी.एस.आई. निहिलेंट अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस''।
- 'थारी पेंशन-थारे पास योजना' के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वितरण के लिए सितम्बर, 2016 को ''स्मार्ट गवर्नेंस गोल्ड अवार्डस'' व ''स्कॉच ऑर्डर ऑफ मैरिट अवार्ड''।

सी.एम. खट्टर ने दिया प्रकृति से प्रेम करने का संदेश

'प्रकृति को संजोकर रखने की जरूरत'

सफाई अभियान के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव की गलियों व सड़कों पर ग्रामीणों के साथ लगाया झाड़ू

अब शहादत के सम्मान में दस्तावेज नहीं बनेंगे रोड़ा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी

कलस्टर आधार पर लागू किया जाएगा, जुलाई तक नामांकन

लीडिंग ऑफ डिवेलप्ड इंडिया फेस्ट के दूसरे दिन किया संबोधित

विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है भारत : विज

सींचेवाल मॉडल पर प्रदेश में होगा जलशुद्धिकरण

यमुनानगर के दर्जनभर गांवों में योजना, गांव खेमकलां में पहला संयंत्र लगाने की तैयारी

गांवों को लाभ मिलेगा

प्रदेश में आज से ये बदलाव होंगे

किसानों की हर कठिनाई का समाधान होगा :खट्टर

हुड्डा सरकार द्वारा बनाए गए चार एग्रो मॉल बेचे जाएंगे

कार्यकर्ताओं से बातचीत करते मुख्यमंत्री मनोहरलाल।

दैनिक सवेरा

Wed, 21 June 2017

प्रदेश की 6205 पंचायतें खुले में शौचमुक्त हुईं

जीएसटी नियम मंजूर

कल्याणकारी योजनाओं की
जीती-जागती कहानी-चित्रों की जुबानी
जनता के मुख से

''मैं खाना बनाती थी, तो धुंए से बेहद परेशान रहती थी। इसके कारण मेरे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता था। मैं सपने में सोचा करती थी कि क्या मेरे घर में भी मेरा अपना गैस कनैक्शन होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आखिरकार वो दिन दिखाया जिसका मुझे बेसब्री से इंतजार था। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत बी.पी.एल. परिवार होने के कारण मुझे अपना मुफ्त में गैस कनैक्शन मिला।''

सीमा
गांव कैरवाली, जिला करनाल

''मनोहर सरकार ने पेंशन में जितनी बढ़ोतरी की है उतनी किसी भी सरकार ने नहीं की है। मुझे हर महीने 1600 रुपये पेंशन मिलती है, जिससे मैं छोटे-छोटे खर्चों के लिए अब अपने बच्चों पर निर्भर नहीं हूं और सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है, कि पेंशन सीधे मेरे खाते में आती है।''

बाबूराम शर्मा
गांव शेखपुरा, जिला करनाल

''मैंने बागवानी विभाग की मदद से एक एकड़ में पॉली हाउस स्थापित किया है, जिसमें 35 प्रतिशत राशि मैंने लगाई है तथा 65 प्रतिशत राशि प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान के रूप में मिली है। मैं पॉली हाउस में टमाटर, खीरा, शिमला मिर्च आदि सब्जियों का उत्पादन करता हूं, जिस से मुझे बहुत लाभ मिल रहा है। मेरे पॉली हाउस में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में टपका विधि से सब्जियां उगाई जाती हैं। जिससे हम खेती करने से 10 गुणा तक पानी की बचत कर सकते हैं और जल स्तर को बढ़ा सकते हैं।''

फूल सिंह,
गांव जयसिंहपुरा, जिला करनाल

''पंचायत चुनावों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करके व शैक्षणिक योग्यता लागू करने से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। शिक्षित पंचायतें विकास कार्यों की समीक्षा करने में अधिक सक्षम हैं। सरकार का ये फैसला सराहनीय है।''

नीलम
गांव कलियाणा, जिला भिवानी

''देशभर में लागू कैशलेस योजना सराहनीय है। इससे न तो खुले पैसों का झंझट रहता है, न ही जेब कटने का डर। कैशलेस से दुकानदार भी सुरक्षित तथा ग्राहक भी सुरक्षित रहता है। वे स्वयं अधिक से अधिक कैशलेस योजना के माध्यम से ही सामान बेचते हैं और आम लोगों को भी प्रेरित करते हैं।''

दिनेश कुमार एवं राजेश कुमार
गांव सिवानी, जिला भिवानी

''सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना अपनाकर पूरा गांव खुश है। सारा दिन बिजली रहने से ना तो घर के काम प्रभावित होते हैं और बच्चे रात को आसानी से पढ़ाई-लिखाई कर सकते हैं। मेरा तो ये मानना है कि हर गांव को इस योजना से जुड़ना चाहिए और बिजली बचत के साथ-साथ समय पर बिजली के बिलों की अदायगी भी करनी चाहिए।''

बबीता देवी, सरपंच,
गांव ढाणी, जिला भिवानी

''हमें अब गांवों में ग्राम सचिवालयों की स्थापना से प्रमाणपत्रों के संबंध में गांव से बाहर नहीं जाना पड़ता। इससे आमजन को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि अब हमें छोटे-छोटे कामों के लिए अपनी खेती के काम को छोड़कर शहर के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सरकार का यह कदम बहुत सराहनीय है।''

हरभगवान
गांव किरावड़, जिला भिवानी

"सी.एम. विंडो से लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से होने लगा है। इससे न केवल आमजन को राहत मिली है, बल्कि प्रशासन भी चुस्त हुआ है और पहले से अधिक जवाबदेह हुआ है। सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली की बात की जाए तो पीओएस मशीन से गरीबों का राशन गरीबों को ही मिलना संभव हुआ है। लोगों को घरेलू गैस आसानी से उपलब्ध होने लगी है और इसमें हेराफेरी की गुंजाईश नहीं रही है।"

भोपाल सिंह सरोहा
एडवोकेट, जिला भिवानी

"प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। फसली नुकसान के चलते सरकारें मुआवजा राशि का वितरण करती रही हैं लेकिन इसका फायदा सीधे किसानों को न मिलकर बीच के दलाल की जेबों में पैसा जाता रहा है। अब किसान को सीधा फायदा मिलेगा, वहीं पिछले दिनों वर्तमान सरकार ने रिकार्ड दिनों में मुआवजे का वितरण किया जो एक उदाहरण है, इससे साबित होता है कि सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है।"

राजेन्द्र सिंह
गांव हसान, जिला भिवानी

"गैस कनैक्शन मिलने से पहले मिट्टी के चूल्हे पर बरसात के दिनों में लकड़ी व उपले गीले होने पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नए गैस कनैक्शन से मुझे धुएं से निजात मिली है। इससे हमारा रहन-सहन भी बदला और साथ-साथ समय की बचत भी हुई है।"

सीता देवी
गांव नौंच, जिला कैथल

"सरकार तो किसानां की भलाई के काम करन में ओरां तै घणी आगे कढगी। जिन गामां मैं खेतां ताईं पाणी ना आवै था आज इस सरकार ने उनके खेतां मैं पानी देकर उनकी फसलां की पैदावार ए बढ़ा दी। इतने ए कोनी उनकी फसल के ढाडे दाम लगाकै सरकार ने म्हारा मान बढ़ाया है। घणी बरसात और ओले पडन पै भी नुकसान की भरपाई सबतै ज्यादा मुआवजा देकै की सै। फसल बीमा योजना तै भी किसान इब खेत में होन आले नुकसान की चिंता छोड़ रहा सै। इस सरकार नै किसानां खातर घणी योजना चलाई सैं अर हम उनका पूरा फायदा ठावैंगे।

सतनारायण और कृष्ण फौजी
गांव मंडवाल, जिला झज्जर

''हैपनिंग हरियाणा, प्रवासी हरियाणा दिवस के साथ ही मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के औद्योगिक संभावनाओं के मद्देनजर किए गए विदेश दौरों ने हरियाणा में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने में सकारात्मक कदम उठाए हैं। बहादुरगढ़ औद्योगिक नगरी के रूप में निरंतर विकास की ओर आगे बढ़ रहा है और के.एम.पी. एक्सप्रेस हाईवे के साथ बेहतर कॉरिडोर विकसित होने से यह क्षेत्र उद्यमियों के लिए बेहतर पसंद बनने जा रहा है। उद्यमियों को निवेश के सुअवसर प्रदान हों इसके लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण देने के साथ ही सुविधाजनक प्रक्रिया भी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराई जा रही है।''

अशोक गुप्ता
उद्यमी एवं चेयरमैन, गणपति धाम औद्योगिक क्षेत्र, बहादुरगढ़

''किसी आपदा के समय ग्रामीण क्षेत्र के लोगों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ता था लेकिन वर्तमान सरकार की बीमा योजनाओं विशेषकर प्रधानमंत्री बीमा एवं पशुओं व फसल के लिए बीमा योजनाओं से ग्राम जोखिम मुक्त बनने की ओर अग्रसर हुए हैं। जोखिम मुक्त गांव बनने से गांव में लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है।''

महेन्द्र सिंह
सदस्य, ग्राम पंचायत गांव उखलचना (कोट)

'' कृषि कार्य के प्रति पहले युवाओं के लिए अरूचिकर होती थी लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से गुरुग्राम व फरीदाबाद में आयोजित हुए एग्रो लीडरशिप सम्मिट ने युवाओं के नजरिए को बदल कर रख दिया। खेत से बाजार तक के संबंधों को बेहद सहज व आसानी से इन सम्मेलनों के जरिए अब समझा जा सकता है।''

उपेन्द्र
गांव दुजाना, जिला झज्जर

''स्कूलों को अपग्रेड करना सरकार का एक सराहनीय कदम है। नारायणगढ़ क्षेत्र में दसवीं के दो स्कूलों को अपग्रेड कर बारहवीं का दर्जा दिया गया है जिससे बच्चों को पढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त गांव कुराली तथा पिलखनी के लोग काफी समय से स्कूलों को अपग्रेड करने की मांग कर रहे थे जोकि वर्तमान सरकार में जाकर पूरी हुई है। गांव बडागढ़ में राजकीय महिला कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।''

पंकज शर्मा
गांव हमीदपुर, जिला अम्बाला

"शिक्षित पंचायतें होने से अब गांव का विकास बेहतर तरीके से हो पाएगा। विकास के अलावा सामाजिक व्यवस्था में भी बदलाव हुआ है। इस बार पंचायती राज संस्थाओं को युवा और गतिशील नेतृत्व मिला है जोकि शिक्षित पंचायतों के कारण ही सम्भव हो पाया है। जब पंचायत प्रतिनिधि पढ़े लिखे होते हैं तो उन पर अधिकारियों/कर्मचारियों का अनावश्यक दबाव भी नहीं रहता और वे अपने गांव की समस्याओं को सही प्रकार से रख सकते हैं।"

संजू रानी
गांव काठेमाजरा, जिला अम्बाला

"प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ अनेक निर्णय लिये हैं। महिलाओं के लिए स्पेशल बस सर्विस चलाई है। इससे स्कूल, कॉलेज जाने वाली छात्राओं को आने-जाने में सुविधा हुई है वहीं महिला सुरक्षा के लिए भी यह महत्वपूर्ण कदम है। लड़कियों के लिए गांव बडागढ़ में राजकीय कन्या कालेज खोले जाने से अब क्षेत्र की लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।"

दीक्षा गर्ग
गांव खानपुर राजपुतान, जिला अम्बाला

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनः ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि ।।

(श्रीमद्भगवद्गीता 2/47)

मानव को केवल कर्म करने का अधिकार है, उसके फल पर उसका कोई अधिकार नहीं है। मानव के कर्म का उद्देश्य फल–प्राप्ति कभी नहीं होना चाहिए और न ही कर्म के त्याग के प्रति मानव अनुराग होना चाहिए।